# <u>कार्यालय::जिला एवं सत्र न्यायाधीश,जिला बालोद (छ0ग0)</u>

## <u>।। सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन ।।</u>

क्रमांक–293दो–11–1/13ए बालोद, दिनांक– ..15..04.2015

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक–20/05/2015, शाम 5.00 बजे तक

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद की स्थापना में निम्नानुसार सहायक प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर हिन्दी, स्टेनोग्राफर अंग्रेजी एवं सहायक ग्रेड–तीन के रिक्त पदों की भर्ती से पूर्ति हेतु भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र. | रिक्त पद का नाम | कुल रिक्त पद | पदों के आरक्षण का विवरण | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जनजाति 31% | | | | अनुसूचित जाति 8% | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग 14% | | | | अनारक्षित | | | |
| | | | मु. | म. 30% | वि. 6 % | भूपू. सै. 10% | मु. | म. 30% | वि. 6% | भूपू. सै. 10% | मु. | म. 30% | वि. 6 % | भूपू. सै. 10% | मु. | म. 30% | वि. 6 % | भूपूसै. 10% |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 01 | सहायक प्रोग्रामर | 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 | – | – | – |
| 02 | स्टेनोग्राफर हिन्दी | 07 | 02 | 01 | ... | ... | 01 | ... | ... | ... | ... | ... | .... | .... | 02 | 1 | ... | ... |
| 03 | स्टेनोग्राफर अंग्रेजी | 2 | 1 | . | . | . | . | . | . | . | . | . | . | . | 1 | . | . | . |
| 04 | सहायक ग्रेड–3 | 32 | 06 | 03 | 01 | 01 | ... | ... | ... | ... | 02 | 01 | ... | ... | 09 | 05 | 02 | 02 |
| 5 | चतुर्थ श्रेणी | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| अ | वाहन चालक | 2 | 1 | .. | .. | .. | .. | ... | .. | .. | .. | .. | .. | .. | 1 | .. | .. | .. |
| ब | भृत्य दफ्तरी कम फर्राश | 13 | 2 | 2 | .. | 1 | .. | .. | .. | .. | 1 | .. | .. | .. | 3 | 2 | 1 | 1 |

संकेतक–**मु.**–मुक्त, **म.**–महिला, **वि.**–विकलांग, **भूपूसै.**–भूतपूर्व सैनिक

## <u>परीक्षा कार्यक्रम :–</u>

| क्रमांक | पद का नाम | परीक्षा तिथि | समय | परीक्षा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सहायक प्रोग्रामर | 14.06.2015 | 9.00 से 10.00 बजे | शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद |
| 02 | स्टेनोग्राफर हिन्दी | 13.06.2015 | 12.00 बजे | शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद |
| 03 | स्टेनोग्राफर अंग्रेजी | 13.06.2015 | 9.30 बजे | शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद |
| 04 | सहायक ग्रेड–3 | 14.06.2015 | 11.00 से | शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद |

## –:: भर्ती की पात्रता एवं शर्तें ::–

**{01}. सहायक प्रोग्रामर के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता–**

**(अ) वेतनबैंड 9300–34800 + ग्रेड पे 4300**

**(ब) शैक्षणिक अर्हताऍं –** यूनिक्स/ओपन सोर्स साफ्टवेयर/ विण्डोज, एन टी में कार्य करने का अनुभव के साथ निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता –

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान या संबंधित विषय में एम.सी.ए/ एम.एस.सी. /बी.ई./बी.टेक. डिग्री.

अथवा

2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि के साथ डी.ओ.ई. से 'ए' लेवल कोर्स या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पी.जी.डी.सी.ए. तथा प्रोग्रामिंग/साफ्टवेयर डेवलपमेंट में तीन वर्ष का अनुभव .

**नोट :– उच्च योग्यता एवं अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी।**

**{02}. स्टेनोग्राफर {हिन्दी} के पद के लिये–**

**(1) वेतनबैंड 5200–20200 + ग्रेड पे 2800**

**(2) शैक्षणिक अर्हताऍं –**

{अ}. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत एवं आरक्षित वर्ग के लिये 40 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र ।

{ब}. छत्तीसगढ़/मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन/मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड से हिन्दी शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र ।

{स}. विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन {डी.सी.ए.}प्रमाण पत्र के साथ एम.एस.वर्ड तथा इंटरनेट का न्यूनतम् कम्प्यूटर ज्ञान ।

**{03}. स्टेनोग्राफर {अंग्रेजी} के पद के लिये–**

**1. वेतनबैंड 5200–20200 + ग्रेड पे 2800**

**2. शैक्षणिक अर्हताऍं –**

{अ}. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत एवं आरक्षित वर्ग के लिये 40 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र ।

{ब}. छत्तीसगढ़/मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन/मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र ।

{स}. विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन {डी.सी.ए.}प्रमाण पत्र के साथ एम.एस.वर्ड तथा इंटरनेट का न्यूनतम् कम्प्यूटर ज्ञान

**{04}. सहायक ग्रेड–तीन के लिये –**

**1. वेतनबैंड 5200–20200 + ग्रेड पे 1900**

**2. शैक्षणिक अर्हताऍं –**

{अ}. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत एवं आरक्षित वर्ग के लिये 40 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र.

{ब}. छत्तीसगढ़/मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन/मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड से हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र ।

{स}. विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन {डी.सी.ए.}प्रमाण पत्र के साथ एम.एस.वर्ड तथा इंटरनेट का न्यूनतम् कम्प्यूटर ज्ञान.

| | | |
|---|---|---|
| 5 | **चतुर्थ श्रेणी** | |
| अ | वाहन चालक<br>**वेतन बैंड**<br>5200–20200+ग्रेड पे 1900 | कक्षा आठवी उत्तीर्ण एवं वाहन चालन का वैध लायसेंस, जो चार पहिया वाहन से संबंधित हो. |
| ब | भृत्य/दफ्तरी कम फर्राश<br>**वेतन बैंड**<br>4750–7440+ग्रेड पे 1300 | कक्षा पॉचवी उत्तीर्ण हो. |

**<u>आयु सीमा एवं पात्रता की अन्य शर्ते</u>:–**

{1}. रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना चाहिए। {कार्यरत शासकीय सेवकों के लिये लागू नहीं है}

{अ}. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।

{ब}. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

{2}. छ0ग0राज्य के स्थानीय निवासी पात्र होंगे, जिन्होंने दिनांक 01 जनवरी 2015 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो परन्तु **40** वर्ष की आयु पूर्ण न कर ली गयी हो ।

{3}. छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अन्य राज्यों के आवेदकों के लिये अधिकतम् आयु सीमा 35 वर्ष होगी ।

{4}. छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों के लिये कैलेण्डर वर्ष 2015 की समाप्ति के पूर्व केवल एक बार के लिये अधिकतम् आयु सीमा 35 वर्ष में 05 वर्ष की छूट निर्धारित है। {छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग,मंत्रालय महानदी भवन,रायपुर का ज्ञापन कमांक– एफ. –3–2 / 2002 /1–3,दिनांक 20.12.2013 एवं परिपत्र दिनांक 27.09.2013} विशेष वर्गों के लिये अधिकतम् आयु सीमा में देय अन्य छूट यथावत् लागू रहेंगी, किन्तु ऐसी सभी छूट को मिलाकर अधिकतम् आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

**<u>उच्चतम आयु सीमा में छूट</u>:–**

निम्नलिखित श्रेणी के उम्मीदवारों को अधिकतम् आयु सीमा में निम्नानुसार छूट रहेगी:–

{एक}{1}. यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति या जनजाति का है,तो आयु सीमा में अधिकतम् 05 वर्ष तक की छूट दी जावेगी ।

{एक}{2} यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित अन्य पिछड़ा वर्ग का है,तो सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक – एक –7–25–93/1 आ.प्र. दिनांक 20.01.1994 के अंतर्गत आयु सीमा में अधिकतम् 05 वर्ष की छूट दी जावेगी ।

{एक}{3} छत्तीसगढ़ शासन के स्थायी/अस्थायी/वर्कचार्ज या कन्टिजेंसी पेड कर्मचारियों तथा छत्तीसगढ़ राज्य के निगमों/मण्डलों आदि के कर्मचारियों के संबंध में उच्चतम आयु सीमा 43 वर्ष तक रहेगी । यही अधिकतम् आयु परियोजना कियान्वयन समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के लिए भी स्वीकार्य होगी ।

{एक}{4} ऐसा अभ्यर्थी जो छंटनी किया गया सरकारी सेवक हो, अपनी आयु में उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 07 वर्ष की कालावधि, भले ही यह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, परंतु उसके परिणामस्वरूप अधिकतम आयु सीमा 03 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**स्पष्टीकरणः—** छंटनी किये गये शासकीय सेवक से तात्पर्य है कि जो इस राज्य की अस्थायी सेवा में लगातार कम से कम 06 माह तक रहा हो तथा जिसे कार्यालय में अपना नाम रजिस्टर्ड कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक 03 वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवामुक्त किया गया है ।

{एक}{5}. ऐसे अभ्यर्थी को,जो भूतपूर्व सैनिक हो अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले,वह अधिकतम् आयु सीमा से 03 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

{एक}{6}. महिलाओं के लिए आयु सीमा में शासन के नियमानुसार आयु 10 वर्ष शिथलनीय होगी,जो कि उनके वर्ग में मिलने वाली आयु सीमा में छूट के अतिरिक्त होगी ।

{एक}{7}. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक—एफ. 1—2/2002/1/3 दिनांक 02.06.2004 के अनुसार शिक्षाकर्मियों को शासकीय सेवा मे उतने वर्ष की छूट दी जाएगी, जितने वर्ष शिक्षाकर्मी के रूप में सेवा की है, इसके लिए 06 माह से अधिक सेवा की अवधि एक वर्ष की आयु सीमा तक रहेगी । जिन वर्गों को पूर्व से ही आयु सीमा में छूट का लाभ दिया जा रहा है,{ अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ावर्ग/विधवा/परित्यक्ता महिला आदि} वे इस निर्देश से प्रभावित नहीं होंगे ।

{एक}{8}. स्वयंसेवी नगर सैनिकों {वालेन्टरी होमगार्ड} के मामले में अधिकतम् आयु सीमा में उनके द्वारा इस प्रकार की सेवा की उतनी कालावधि तक छूट 08 वर्ष की सीमा में अध्याधीन रहते हुए दी जायेगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 43 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

{एक}{9}. विधवा,परित्यक्ता तथा तलाकशुदा महिलाओं के लिये उच्चतम् आयु सीमा में 05 वर्ष की अतिरिक्त छूट रहेगी ।

{दो}{1}. आदिम जाति हरिजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के संवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन कमांक—सी. 3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम् आयु सीमा में 05 वर्ष तक की छूट दी जाएगी ।

{दो}{2}. विकम पुरस्कार, शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीर चंद्र भंज देव सम्मान, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवाओं को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन कमांक — एफ. —19—2/2005/1—3,दिनांक 01.12.2006 के संदर्भ में अधिकतम् आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी।

**टीपः—** {1}. बिन्दु कमांक 3 {एक} में अधिक लाभकारी वाली एक ही छूट मिलेगी ।

{2}. बिन्दु कमांक 3 {दो} के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम् आयु सीमा में विभिन्न कार्यो/योजनाओं के अंतर्गत दी गई छूटों में यदि कोई आवेदक एक से अधिक छूटों का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में सर्वाधिक {अधिकतम्} लाभ वाले किसी एक आधार {प्रोत्साहन वाले} के लिए छूट मिलेगी। यह छूट बिन्दु कमांक {एक} में दी गई विशेष छूट के अतिरिक्त होगी ।

**उदाहरणः—** यदि कोई आवेदक अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का होने के साथ—साथ विकम पुरस्कार प्राप्त हो तो उसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा में निर्धारित 05 वर्ष की छूट के साथ प्रोत्साहन वाले अधिक लाभकारी विकम पुरस्कार के आधार वाली 05 वर्ष की छूट और दी जाएगी ।

{3}. उपरोक्त 3 {एक} और {दो} में उल्लेखित उच्चतम् आयु सीमा में छूट की पात्रता, तत्संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही होगी ।

## आवेदन प्रस्तुत करने की प्रकिया:–

{1}. आवेदन पत्र विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। पूर्णतः भरे हुये आवेदन पत्र बंद लिफाफे में जिस पर स्पष्ट रूप से आवेदित पद **सहायक प्रोग्रामर/ स्टेनोग्राफर हिन्दी/ स्टेनोग्राफर अंग्रेजी/ सहायक ग्रेड–3 एवं चतुर्थ श्रेणी (वाहन चालक/भृत्य)** के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखा हो, **जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद {छ0ग0}** के कार्यालय में **दिनांक–20.05.2015 की शाम 5.00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन पत्र डाक/स्पीड पोस्ट/स्वयं के द्वारा प्रस्तुत किये जा सकेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास आदि से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियां एवं पांच–पांच रूपये का डाक टिकिट लगा हुआ, स्वयं का पता लिखा हुआ दो लिफाफा संलग्न करना आवश्यक होगा।

{2}. विज्ञापन का विस्तृत अवलोकन कार्यालय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद के आफिशियल वेबसाईट http://ecourts.gov.in/node/8162 अथवा http://ecourts.gov.in/balod में किया जा सकता है तथा विज्ञापन में दिये आवेदन पत्र का प्रारूप का उपयोग डाउनलोड कर किया जा सकता है।

{3}. कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिये आवेदन प्रस्तुत करना चाहता हो तो प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन पत्र पृथक–पृथक लिफाफा में प्रस्तुत करना होगा।

{4}. जन्मतिथि की सत्यता हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अंक सूची की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करे।

{5}. ऐसे अभ्यर्थी जो, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत् है, उन्हें अपने वर्तमान नियोक्ता/विभाग प्रमुख से उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा ।

{6}. आवेदन पत्र में चस्पा फोटो स्वप्रमाणित होना चाहिए तथा अलग से एक बिना प्रमाणित स्वयं का पासपोर्ट साईज का फोटो संलग्न करना अनिवार्य है ।

{7}. डाक एवं कोरियर द्वारा भेजे गये आवेदन पत्रों के विलंब से प्राप्त होने या नहीं प्राप्त होने की जवाबदारी इस कार्यालय की नहीं होगी ।

## नियुक्ति हेतु चयन विधि

### 1. सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर –

**(अ) लिखित परीक्षा** – सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर के पद हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया जावेगा, जिसमें 50 प्रश्न होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा जो वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा एवं चार विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करना होगा। लिखित परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी। परीक्षा की तिथि 14.06.2015 को प्रातः 9.00 बजे से 10 बजे तक शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद में आयोजित की जावेगी।

**(ब) साक्षात्कार** – सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर के पद हेतु लिखित परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर मेरिट सूची जारी की जावेगी, जो रिक्त पद के 5 गुना अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों के होंगे, जो साक्षात्कार के लिये आमंत्रित होंगे। जो अभ्यर्थी साक्षात्कार में अनुपस्थित रहेंगें उसे चयन के लिये अनर्ह माना जावेगा। साक्षात्कार 10 अंकों का होगा।

**टीप** – साक्षात्कार पश्चात् एम.सी.ए./एम.एस.सी./बी.ई./बी.टेक के अभ्यार्थियों को कुल 10 अंक अतिरिक्त रूप से दिये जायेंगे । तीन वर्ष से अधिक का किसी संस्थान में प्रोग्रामिंग/साफ्टवेयर डवलपमेंट का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को 05 अंक प्रतिवर्ष के अनुभव के संबंध में दिये जायेंगे। प्राथमिकता निर्धारण हेतु अधिमान अंक 10 अंक से अधिक नहीं होगा। लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के पश्चात् अधिमान अंक को कुल प्राप्तांक में जोड़कर प्राथमिकता का निर्धारण किया जावेगा।

**2. स्टेनोग्राफर हिन्दी –** उम्मीदवारों से 100 शब्द प्रतिमिनट की गति से 5 मिनट का हिन्दी श्रुतलेख दिया जाएगा, जिसे परीक्षा के निर्धारित समय 45 मिनट की सीमा में शुद्धता से कम्प्यूटर में टाइप करना होगा। डिक्टेशन/श्रुतलेखन की प्रत्येक त्रुटि के लिये 1/2 अंक काटा जावेगा। जो हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ, सेटिंग तथा टाईप की प्रत्येक अशुद्धि के लिए भी होगा। लिखित परीक्षा दिनांक 13.06.2015 को दिन के 12.00 बजे से शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद में आयोजित की जावेगी ।

**3. स्टेनोग्राफर अंग्रेजी –** उम्मीदवारों से 100 शब्द प्रतिमिनट की गति से 5 मिनट का अंग्रेजी श्रुतलेख दिया जाएगा, जिसे परीक्षा के निर्धारित समय 45 मिनट की सीमा में शुद्धता से कम्प्यूटर में टाइप करना होगा। डिक्टेशन/श्रुतलेखन की प्रत्येक त्रुटि के लिये 1/2 अंक काटा जावेगा। जो हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ, सेटिंग तथा टाईप की प्रत्येक अशुद्धि के लिए भी होगा। लिखित परीक्षा दिनांक 13.06.2015 को दिन के 9.30 बजे से शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद में आयोजित की जावेगी।

**टीप–** कमांक 2 एवं 3 के पदों के लिए साक्षात्कार हेतु वर्गवार रिक्त पद के तीन गुना उम्मीदवारों को मेरिट कम के अनुसार बुलाये जावेगा तथा साक्षात्कार कुल 25 अंक का होगा।

**4. सहायक ग्रेड तीन–**

**(अ)प्रथम चरण – लिखित परीक्षा –** हिन्दी शुद्धलेखन/सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी ज्ञान/ईमला की लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रत्येक अशुद्धि के लिए आधा अंक काटा जावेगा। परीक्षा कुल 125 अंक की होगी जो दिनांक 14.06.2015 को 11.00 बजे से शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद में आयोजित की जावेगी।

**(ब) द्वितीय चरण – कौशल परीक्षा –** लिखित परीक्षा में मेरिट कमानुसार वर्गवार रिक्त पदो के तीन गुना उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा के लिये आमंत्रित किया जाएगा। उम्मीदवारों को 250 शब्द के गद्यांश को 10 मिनट में कम्प्यूटर में टाइप करना होगा, हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ सेटिंग तथा टाइप की प्रत्येक अशुद्धि पर 1/2 अंक काटा जावेगा। कौशल परीक्षा 125 अंकों की होगी।

**(स)मेरिट सूची –** लिखित परीक्षा तथा कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर वर्गवार मेरिट सूची तैयार की जावेगी। कौशल परीक्षा में 25 अंक से कम प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी के नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।

**टीप :–** स्टेनोग्राफर हिन्दी, स्टेनोग्राफर अंग्रेजी एवं सहायक ग्रेड–तीन के पद हेतु आयोजित परीक्षा में एक अभ्यर्थी के एक से अधिक पदों हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की दशा में उसे प्रत्येक पद के लिये आयोजित परीक्षा में शामिल होना होगा। परीक्षा एवं साक्षात्कार में निम्नानुसार पूर्णांक रहेंगे :–

**सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर के पद हेतु –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| {1}. | लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | – | 100 अंक |
| {2}. | साक्षात्कार | – | 10 अंक |
| {3}. | उच्च योग्यता/अतिरिक्त अनुभव हेतु अधिमान अंक | – | 10 अंक |

**स्टेनोग्राफर हिन्दी के पद हेतु:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| {1}. | डिक्टेशन/श्रुतलेख/कम्प्यूटर टायपिंग | – | 250 अंक |
| {2}. | साक्षात्कार | – | 25 अंक |

**स्टेनोग्राफर अंग्रेजी के पद हेतु:–**

{1}. डिक्टेशन/श्रुतलेख/कम्प्यूटर टायपिंग – 250 अंक
{2}. साक्षात्कार – 25 अंक

**टीप :–** हिन्दी आशुलिपि के अभ्यर्थी को अंग्रेजी आशुलिपि उत्तीर्ण एवं अंग्रेजी आशुलिपि के अभ्यर्थी को हिन्दी आशुलिपि उत्तीर्ण को 10 अंक अतिरिक्त रूप से वरियता कम निर्धारण हेतु दिया जायेगा।

**सहायक ग्रेड–3 के पद हेतु:–**

{1}. लिखित – हिन्दी शुद्ध लेखन/
सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी ज्ञान/ईमला परीक्षा – 125 अंक
{2}. कौशल परीक्षा – 125 अंक

**टीप :–** हिन्दी आशुलिपि उत्तीर्ण को 10 अंक, अंग्रेजी आशुलिपि उत्तीर्ण को 10 अंक एवं अंग्रेजी टायपिंग उत्तीर्ण अभ्यर्थी को 05 अंक अतिरिक्त रूप से वरियता कम निर्धारण हेतु दिया जायेगा।

**5. चतुर्थ श्रेणी पद हेतु :–**

1. वाहन चालक पद एवं अन्य चतुर्थ श्रेणी के पद हेतु :– साक्षात्कार एवं आवश्यक परीक्षण कर चयन किया जावेगा।

**टीप :–** चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार एवं आवश्यक परीक्षण के लिए तिथि पृथक से निर्धारित की जावेगी।

## महत्वपूर्ण निर्देश :–

{1}. उपरोक्त पदों पर मेरिट सूची के साथ प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी जो अधिकतम एक वर्ष के लिए वैध होगी। प्रथमतः रिक्त पदों पर नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर होगी। परिवीक्षा अवधि आगे एक वर्ष के लिये बढ़ाई जा सकेगी।

{2}. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरियता तय की जावेगी, जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।

{3}. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद का होगा।

{4}. चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

{5}. चयनित उम्मीदवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वस्थता का प्रमाण पत्र प्राप्त कर, प्रस्तुत करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा।

{6}. आरक्षित वर्ग के चयनित उम्मीदवारों के जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान छ.ग.रायपुर से सत्यापित न होने की दशा में संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान छ.ग. रायपुर से सत्यापित कराया जायेगा।

{7}. चयनित उम्मीदवारों के, जिसे नियुक्ति आदेश जारी किये गये हो, कार्यभार ग्रहण किये जाने के पश्चात् पुलिस सत्यापन नियमानुसार कराया जायेगा, आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाये जाने की दशा में नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

{8}. चयन प्रकिया के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

{9}. उक्त नियुक्ति, आरक्षण के संबंध में माननीय छ0ग0 उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा रिट पिटीशन कमांक (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन किया जावेगा।

{10}. महिला हेतु आरक्षित पदों पर योग्य महिला उम्मीदवार का चयन नहीं होने पर उसी संवर्ग के पुरूष उम्मीदवार का चयन किया जा सकेगा ।

{11}. यह विज्ञप्ति बिना किसी कारण बताये किसी भी समय निरस्त की जा सकेगी।

{12}. जो अभ्यर्थी चयन प्रकिया एवं परीक्षा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास करेंगे, उसकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त कर दी जायेगी।

{13}. आवेदक जिला न्यायालय की वेबसाइट http://ecourts.gov.in/node/8162 अथवा http://ecourts.gov.in/balod से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा हेतु उपस्थित हो सकेगा। कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिये अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को प्रवेश पत्र में अंकित निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहना होगा। उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में परीक्षा एक से अधिक पाली में ली जा सकेगी।

{14}. दिनांक 20.05.2015 की शाम 5 बजे तक प्राप्त आवेदनों की सूची का प्रकाशन जिला न्यायालय के वेबसाईट http://ecourts.gov.in/node/8162 अथवा http://ecourts.gov.in/balod तथा सूचना पटल पर दिनांक 02.06.2015 को किया जावेगा।

{15}. आवेदक परीक्षा के लिये निर्धारित तिथि पर प्रवेश पत्र के प्रोफार्मा को स्वयं भरकर परीक्षा के लिये निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व पंजीयन हेतु उपस्थित होगें, विलम्ब से उपस्थित होने पर परीक्षा में शामिल नहीं किया जावेगा।

{16}. उम्मीदवारों को पृथक से कोई प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। उम्मीदवारों का पंजीयन कमांक तथा अनुकमांक की जानकारी दिनांक 02.06.2015 को प्रकाशित सूची में दी जावेगी, जिसे ही अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र पर अंकित करना है।

**महत्वपूर्ण टीप** :–''यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूरा करते हैं। आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। परीक्षा में शामिल किये जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर उम्मीदवारी समाप्त मानी जावेगी।'' नियुक्ति के पश्चात् कोई सारवान जानकारी छुपाये जाने पर सेवा समाप्त की जा सकेगी।

बालोद,
दिनांक 15/4...2015

अध्यक्ष
चयन समिति,
जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बालोद{छ.ग.}

# सहायक प्रोग्रामर/स्टेनोग्राफर {हिन्दी} स्टेनोग्राफर {अंग्रेजी},सहायक ग्रेड–3 एवं वाहन चालक/भृत्य के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बालोद,जिला बालोद {छ0ग0}.

| आवेदक का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट फोटो |
|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | आवेदित पद का नाम | – | ........................................ |
| 02 | आवेदक का पूरा नाम {हिन्दी में} | – | ........................................ |
| 03 | अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में पूरा नाम | – | ........................................ |
| 04 | लिंग{पुरूष/महिला} | – | ........................................ |
| 05 | पिता/पति का नाम | – | ........................................ |
| 06 | {अ}. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता | – | ........................................<br>........................................<br>........................................ |
| | {ब}. स्थाई पता | – | ........................................<br>........................................<br>........................................ |
| 07 | {अ}. जन्म तिथि{अंकों में} | – | ........................................ |
| | {ब}. जन्म तिथि{शब्दों में} | – | ........................................ |
| | {स}.दिनांक–01.01.2015 को आयु<br>(यदि आवेदक आयु में छूट का कोई दावा करता है तो उक्त के संबंध में आधार एवं दस्तावेज संलग्न करें) | | वर्ष–..............माह–...........दिन–.................. |
| 08 | क्या आवेदक छ.ग.राज्य का मूल निवासी है. {सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें} | – | ........................................ |
| 09 | क्या आवेदक छ.ग.राज्य के लिये घोषित अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है ।<br>{सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति–प्रमाण पत्र संलग्न करें} | – | ........................................ |
| 10 | अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा–वर्ग अंकित करें | – | ........................................ |
| 11 | क्या आवेदक विकलांग है ।<br>{यदि हां तो जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड का नवीनतम प्रमाण पत्र संलग्न करें} | – | ........................................ |
| 12 | क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ।<br>{यदि हां तो सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें} | – | ........................................ |
| 13 | रोजगार कार्यालय का पंजीयन कमांक दिनांक/वैधता दिनांक | – | ........................................ |
| 14 | रोजगार कार्यालय का नाम | – | ........................................ |
| 15 | विवाहित/अविवाहित | – | ........................................ |

16 विवाहित हो तो विवाह की तिथि – ....................

17 पत्नी की उम्र विवाह तिथि को तथा जन्म तिथि – ....................

18 जीवित बच्चों की संख्या तथा– जन्मतिथि ....................

19 **शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता –** ....................

| क. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड / वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

टीप :– यदि अभ्यर्थी अधिमान अंक का दावा करता है तब उक्त आधार की जानकारी तथा दस्तावेज संलग्न करें। – ....................

20 अनुभव यदि कोई हो (प्रमाण–पत्र संलग्न करें।) – ....................

21 क्या आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत् है? यदि हाँ तो नियोक्ता का <u>अनापत्ति / अनुमति</u> संलग्न करें । – ....................

22 संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची:–{स्वयं या राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित होना चाहिये} – ....................

01. .................... 02. ....................

03. .................... 04. ....................

05. .................... 06. ....................

07. .................... 08. ....................

09. .................... 10. ....................

दिनांक– ....................

स्थान– ....................

आवेदक का हस्ताक्षर ....................

नाम एवं पूरा पता....................

....................

मोबाईल नं. ....................

ई–मेल ....................

(अनिवार्य रूप से भरे.)

## || घोषणा पत्र ||

मैं.............................................................पति / पत्नी / पिता / अभिभावक.........................................

सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करती / करता हूं कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतया सत्य है। चयन के किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा दी गई जानकारी अपूर्ण या असत्य पाये जाने पर आवेदन पत्र या नियुक्ति रद्द किये जाने के लिये मैं पूर्णतः जिम्मेदार रहूंगा / रहूंगी ।

स्थान–

दिनांक– आवेदक का हस्ताक्षर ................................................

## कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला बालोद{छ0ग0}

### || प्रवेश–पत्र ||

**सहायक प्रोग्रामर/स्टेनोग्राफर हिन्दी/ स्टेनोग्राफर अंग्रेजी एवं सहायक ग्रेड–3**

आवेदक का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट फोटो

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन का पंजीयन कमांक | :– | |
| परीक्षार्थी का अनुकमांक | :– | |

आवेदित पद का नाम :– ..........................................

अभ्यर्थी का नाम :– ..........................................

पिता/पति का नाम :– ..........................................

वर्ग– {अनारक्षित/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व} :– ..........................................

परीक्षा तिथि :– ..........................................

समय :– ..........................................

**परीक्षा केन्द्र :– शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय, बालोद**

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

### कार्यालयीन उपयोग हेतु

वास्ते/जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बालोद (छ.ग.)

### परीक्षार्थी के लिये अनुदेश

1/ परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र मे परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व पंजीयन हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है। विलम्ब से उपस्थित होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी ।

2/ परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को अपना प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। परीक्षा में केवल काले अथवा नीले पेन का ही उपयोग करें । परीक्षार्थी उक्त प्रवेश पत्र को स्वयं भरकर साथ लेकर आवेगा। पृथक से प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जावेगा। आवेदन पत्र के पंजीयन कमांक तथा अनुकमांक की जानकारी दिनांक 02.06.2015 को जिला न्यायालय के वेबसाइट http://ecourts.gov.in/node/8162 अथवा http://ecourts.gov.in/balod एवं सूचना पटल से ली जा सकेगी।

3/ परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के अस्त्र–शस्त्र वर्जित कागजात, चीट, पुस्तक, नोट्स, पेजर,,केलकूलेटर, मोबाईल, लॉग टेबल, ब्लू टूथ आदि रखना वर्जित है अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित किया जावेगा, जिसके लिये परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

4/ प्रवेश पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर आवेदन पत्र में संलग्न किये गये फोटो के अनुसार ही फोटो चिपकाना/चस्पा करना अनिवार्य है । एक अतिरिक्त फोटो साथ लेकर आवश्यक रूप से आवे।

5/ परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर केवल परीक्षा के दिन, परीक्षा कक्ष में पर्यवेक्षक के समक्ष ही करें ।